हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

11 हिंदी भाषा का आदर करने व जीवन में प्राथमिकता ..



12 डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा, जिले में अब तक 40 डेंगू . .



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में पांच माह की बच्ची की मौत

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में पांच माह की बच्ची की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्ची की मौत के कारणों को जानने के लिए विसरा सैंपल लिया है। जिसे जांच के लिए भेजा जायेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपित धरे

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी ईदगाह कॉलोनी खरखौदा, सन्नी निवासी महावीर कॉलोनी खरखौदा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### 43.32 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपित को 43.32 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सौरभ उर्फ अन्ना निवासी गांव भैंसवाल हाल में विकास नगर का है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### मोबाइल फोन छीनने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित विशाल निवासी देव नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पति ने दिया पेय पदार्थ महिला की तबीयत बिगड़ी

**सोनीपत।** शहर की जनता कॉलोनी में एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। महिला के परिजनों का आरोप है कि पति ने उसे पेय पदार्थ पिलाया, जिसे पीने के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सूदखोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने सूदखोरी, मारपीट और मोबाइल फोन छीनने के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विशेष निवासी पिनाना सोनीपत और सचिन निवासी बैयां पुर का है। पुलिस ने आरोपितो के कब्जे से छिना गया मोबाइल फोन, 4,500 रुपये नगद और दो ब्लैंक चेक बरामद किए है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### एक सप्ताह में इंतकाल दर्ज करने के निर्देश

**खरखौदा।** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कानूनगो व गिरदावरों से खरखौदा राजस्व से संबंधित जिन किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है, उनकी डिटेल रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के लिए कहा है। साथ ही चेताया कि पटवारियों की लगातार शिकायतें आ रही है कि वे सीट पर नहीं मिलते हैं और ना ही समय पर इंतकाल दर्ज कर रहे हैं। सभी पटवारी दोपहर 1 बजे तक दफ्तर में रहेंगे।

**सख्ती:** हरियाणा विस की स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषयक कमेटी मुरथल यूनिवर्सिटी पहुंची

# खामियों को लेकर वीसी से पूछे सवाल, दो माह का अल्टीमेटम

### अनियमितताओं पर समिति सदस्यों ने अपनाया कड़ा रुख

*हरियाणा विस की स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषयक समिति के चेयरमैन विधायक रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे विधायकों ने निरीक्षण के दौरान कुलपति एसपी सिंह से सवाल पूछे और कहा कि यदि खामियां जल्द दूर नहीं हुई तो कार्रवाई तय है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में फैली अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं पर हरियाणा विधानसभा की स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषयक समिति ने कड़ा रुख अपनाया है। समिति के चेयरमैन विधायक रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे विधायकों ने निरीक्षण के दौरान कुलपति एसपी सिंह से सवाल पूछे और कहा कि यदि खामियां जल्द दूर नहीं हुई तो कार्रवाई तय है। समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दो माह का अल्टीमेटम दिया है। निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने शौचालयों में पानी-बिजली न होने की शिकायत रखी, वहीं टीचिंग स्टाफ ने आरोप लगाया कि शिकायत करने वालों पर ही जांच बैठा दी जाती है। नॉन-टीचिंग कर्मचारियों ने सेवा निवृत्त स्टाफ को समय पर लाभ न मिलने की समस्या उजागर की। इन सभी मुद्दों पर समिति ने गंभीर चिंता जताई। समिति ने साफ कहा कि दो महीने बाद फिर निरीक्षण होगा और यदि हालात जस के तस मिले तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**सोनीपत।** मुरथल विवि में बैठक के दौरान समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जल्द मांगों पर कार्रवाई की उम्मीद

विवि में बहुत सी अनियमितताओं को लेकर समय समय पर विवि प्रशासन से समाधान की मांग की गई, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब विधानसभा की विषय समिति ने उन्हें आश्वासन दिया है और दो माह में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही है। उम्मीद है कि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई होगी। **-डा. अजय डबास,** अध्यक्ष, डिक्रूटा।

### बंद स्विमिंग पूल और टूटी सड़कें बनी निशाना

समिति ने सवाल उठाया कि यूजीसी ग्रांट से 2023 में बना स्विमिंग पूल अब तक क्यों बंद पड़ा है। साथ ही विश्वविद्यालय की टूटी सड़कों पर मिट्टी डालकर रातोंरात की गई मरम्मत पर भी आपत्ति जताई गई। कुलपति ने दावा किया कि सड़कों की मरम्मत 15 दिन में शुरू कराई जाएगी। इसके अलावा रूसा ग्रांट से बने रहे टीचिंग कॉम्पलेक्स, नए कोर्स, छात्रों की संख्या, पुस्तकालय की स्थिति और भर्तियों व पदोन्नतियों पर भी विस्तृत जानकारी मांगी गई।

### विवि को नामी संस्थानों बनाने के लिए शोध-प्लेसमेंट पर जोर

चेयरमैन रामकुमार कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय को देश की नामी संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए अनुसंधान आधारित गतिविधियों, प्रोजेक्ट कार्य, इनोवेशन प्रोग्राम और बेहतर प्लेसमेंट व्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी। समिति ने पौधारोपण को बढ़ावा देने, जिम और व्यायामशालाओं के नियमित संचालन और स्विमिंग पूल की मरम्मत एक माह में पूरी करने के निर्देश दिए।

### सुनवाई नहीं

आंदोलनों, हड़ताल व शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं किए जाने से कर्मचारी परेशान हैं। विवि में चौतरफा अव्यवस्था का माहौल है। विद्यार्थी से लेकर स्टाफ तक परेशान हैं। समिति ने आश्वासन दिया है। समाधान होने पर फायदा विद्यार्थियों और विवि को होगा। **-आनंद राणा,** प्रधान, नोन टीचिंग स्टाफ।

### मौजूद रहे

इस निरीक्षण में विधायक इंदुराज नरवाल, रणधीर पनिहार, हरिंदर सिंह, बलराम डांगी, देवेंद्र हंस, शीशपाल सिंह, अतिरिक्त सचिव नरेन दत्त, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, एसडीएम सुभाष चंद्र सहित कुलपति एसपी सिंह और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस शिकायत दर्ज कर जांच में जुटी

# संदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय किशोर लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने किशोर की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लापता किशोर का नाम अंश है। उसकी गुमशुदगी को लेकर उसकी मां रुचि उपाध्याय ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया कि अंश अचानक घर से लापता हो गया और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।



लापता किशोर का फाइल फोटो।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोर का पता लगाया जाएगा और सुरक्षित घर वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है।

# आटोमोबाइल शोरूम में 1.25 करोड़ का गबन, दो कर्मचारियों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर 27 थाना क्षेत्र के बहालगढ़ रोड स्थित एक आटोमोबाइल शोरूम में 1.25 करोड़ रुपये के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंपनी प्रबंधन ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। कंपनी के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। कंपनी के पास सोनीपत और दिल्ली में कारों की बिक्री, रिपेयर और सर्विस का नेटवर्क है। यहां सभी वित्तीय लेन-देन एसीएस आईडीएमएस अकाउंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से किए जाते हैं, जिसमें सिर्फ नामित कर्मचारियों को ही एंट्री करने की अनुमति होती है। कंपनी के वित्तीय वर्ष 2024-25 के नियमित ऑडिट के दौरान गड़बड़ी सामने आई। रिपोर्ट के मुताबिक, अकाउंट विभाग में कार्यरत जौली निवासी अमित और जैनपुर निवासी आशीष ने मिलकर कंपनी के खातों में हेरफेर की।

### खातों में हेरफेर कर रकम ट्रांसफर

ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपितो ने नकली एंट्री डालने, भुगतानों को अन्य खातों में समायोजित करने और ग्राहकों से वसूली गई रकम को कंपनी खाते में जमा न कर निजी खातों में ट्रांसफर करने जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया। धीरे-धीरे छोटे-छोटे अंतर पैदा कर करीब 1.25 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया। वही पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आरोपितो से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री ने विकास कार्यों के लिए जारी की 2 करोड़ की राशि

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सामाजिक, धार्मिक संगठनों तथा आमजन की मांगों को पूरा करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए की राशि जारी की है। मंत्री द्वारा स्वैच्छिक कोष से जारी की गई राशि से इलाके की विभिन्न गोशालाओं, पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा स्वैच्छिक कोष के माध्यम से मंजूर की गई राशि प्रशासन के माध्यम से विभिन्न संगठनों व पंचायतों को भेज दी गई है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा रोहतक रोड गोहाना स्थित नंदीग्राम सेवा संस्थान में शैड निर्माण के लिए 11 लाख जारी किए गए।



मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

# बुजुर्ग को सांप ने काटा, जिंदा सर्प लेकर अस्पताल पहुंचा, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नागरिक अस्पताल में देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब सांप के काटने पर एक बुजुर्ग जिंदा सांप को साथ लेकर इलाज के लिए पहुंच गया। जैसे ही बुजुर्ग ने आपातकालीन कक्ष में सांप को मेज पर रखा, वहां मौजूद चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। सांप के काटने से घायल हुए बुजुर्ग की पहचान लाल दरवाजा निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि सांप ने देर रात उन्हें घर के बाहर काट लिया था। इसके बाद वह उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे और साथ में उस सांप को भी ले आए। चिकित्सक ने जब उनसे सांप के रंग के बारे में पूछा तो उन्होंने सांप को सीधे मेज पर रख दिया। इससे वहां मौजूद डॉक्टर और अन्य कर्मचारी घबरा गए। तत्काल चिकित्सक ने बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। बुजुर्ग आपातकालीन कक्ष के बाहर सांप को छोड़ दिया।



**सोनीपत।** अस्पताल में सांप।

### प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर

रात को 54 वर्षीय बुजुर्ग अस्पताल में पहुंचा था जिसे सांप ने काट लिया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। वहीं बुजुर्ग ने सांप को आपातकालीन कक्ष के बाहर छोड़ दिया। **-डॉ संदीप लटवाल** मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल।

### एनएच-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर पर हादसा तीन युवक घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे है। हादसे के समय तीनों युवक मुरथल के ढाबों पर खाना खाने के लिए आ रहे थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक नियंत्रण खोने से वह फ्लाईओवर के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

- तीनों युवक मुरथल के ढाबों पर खाना खाने के लिए आ रहे थे

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना





### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली और विधायक पवन खरखौदा ने झंडी दिखाई

**खरखौदा।** सराहनीय पहल करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और विधायक पवन खरखौदा ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राहत सामग्री पंजाब के पठानकोट जिले में बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई जाएगी। राहत सामग्री से भरे ट्रक में 20 किलोग्राम वजन के 500 पैकेट शामिल हैं। जिनमें आटा, दाल, चावल, हल्दी, नमक, मिर्च, मैगी, मसाले, प्याज, आलू और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल है। यह सामग्री बाढ़ प्रभावित परिवारों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए भेजी गई है। इस अवसर पर मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि पंजाब के बाढ़ पीड़ित हमारे अपने परिवार का हिस्सा हैं। संकट की इस घड़ी में उनकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। यह राहत सामग्री उनके लिए कुछ राहत प्रदान करेगी और हम भविष्य में भी हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक पवन खरखौदा ने इस पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राहत सामग्री 500 परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। हमारी कोशिश है कि बाढ़ पीड़ितों तक जल्द से जल्द सहायता पहुंचे और उनकी मुश्किलें कम हों। इस प्रयास में स्थानीय कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। खरखौदा की जनता की एकजुटता और संवेदनशीलता इस पहल को और सशक्त बनाती है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हीरा लाल, एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य, पार्षद कृष्ण, विजय, विजयपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**हालत पर मंथन** शहर की सड़कों की हालत को लेकर विधायक ने डीसी कार्यालय में ली बैठक

# भारी बरसात से टूटी सड़कों का दो सप्ताह में मरम्मत और नवनिर्माण किया जाएगा

### अब नियमित रूप से साप्ताहिक बैठक की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विधायक निखिल मदान सोनीपत को लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने उपायुक्त कार्यालय में शहर की सड़कों के हालात को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक निखिल मदान ने कहा कि इस बार मानसून में भारी बरसात के चलते शहर की सभी सड़कें कई जगह से टूट चुकी है और लगातार बारिश के कारण सड़कों के नव निर्माण और मरम्मत में देरी हुई है। आज इसी विषय को लेकर उन्होंने अधिकारियों से जवाब तलब किया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं कि अगले दो सप्ताह में सभी सड़कों की मरम्मत और नवनिर्माण को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि अब हर सप्ताह उपायुक्त कार्यालय द्वारा सड़कों के नवनिर्माण और मरम्मत संबंधी कार्यों का विशेष रूप से निरीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा और नियमित रूप से साप्ताहिक बैठक की जाएगी। नगर निगम द्वारा पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर कार्य करने के लिए एनओसी प्रक्रिया को उसी दिन पूरा करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए हैं। निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने सभी निगम अधिकारियों को निगम के अधीन आने वाले सभी मुख्य मार्गों और सड़कों को दुरुस्त करने के आदेश दिए। इस दौरान निगम संयुक्त आयुक्त मीनू धनखड़, नगराधीश अनमोल, एसएमडीए के वरिष्ठ नगर योजनाकार नरेश कुमार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी सिद्धार्थ सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार, कार्यकारी अभियंता पंकज गौड़, निगम कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, उपमंडल अधिकारी मनजीत दहिया, कनिष्ठ अभियंता दीपक कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक निखिल मदान।

### इन सड़कों की होगी मरम्मत

विधायक निखिल मदान ने बताया कि ओल्ड डीसी रोड को बीटूमिन और मास्टिक से पक्का किया जाएगा, संबंधित एजेंसी को टेंडर जारी किया जा चुका है, 2 सप्ताह के अंदर सड़क को बनाया जाएगा, तब तक मरम्मत की जाएगी। बहालगढ़ से बड़वासनी रोड की पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत की जाएगी। मामा भांजा चौक की नगर निगम द्वारा मरम्मत की जाएगी। जानकीदास स्कूल वाली रोड और विवेकानंद चौक से सेक्टर रोड का सीसी से नवनिर्माण किया जाएगा, दो सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लहराडा से ककरोई रोड तक मिनी बाई पास का बीटूमिन से नवनिर्माण शुरू किया जाएगा। गेटवे स्कूल के सामने सेक्टर रोड को भी बीटूमिन से पक्का किया जाएगा, इसके लिए अगले सप्ताह तक टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अन्य सभी सड़कों को भी जल्द ही पक्का किया जाएगा। महलाना रोड और तिरंगा चौक पर सड़कों की मरम्मत भी की जाएगी।

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910



DILBAG S. KHATRI
CHAIRMAN
98120 20033
Last Date for Admission
15th Sept. 2025
- B.Tech / LEET (CSE, ECE, Mechanical, Civil)
- M.Tech (CSE, ECE) • M.Tech Part Time (ECE / CSE)
- Diploma / LEET (CSE, ECE, Electrical, Mechanical, Civil, MLT)
- BBA, BCA, MBA, MCA
- B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
- B.A., B.Sc. (Medical/ Non-Med.), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths)
- M.A. (English, Hindi, History, Pol. Sc.)
- B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
- D.Pharm, B.Pharm / Leet
- B.Sc. (Nursing)
- CBSE Affiliated, Sr. Sec. Schools

www.southpoint.net.in
DIRECT ADMISSION
Sunday Open
Sector-20, Purkhas Road, Sonepat (Hr.)



रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।



कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# ‘परफ्यूजन टेक्नोलॉजी’ से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

> हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

**इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।**

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ₹हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, “विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।” आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### कन्या कालेज में कहानी वाचन प्रतियोगिता हुई

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में हिंदी विभाग द्वारा डॉ. प्रमिला व डॉ. विजयदीप के नेतृत्व में हिंदी दिवस के उपलक्ष पर आयोजित कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी भाषा विषय से संबंधित छात्राओं ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'ईदगाह', जयशंकर प्रसाद की कहानी 'पुरस्कार' का वाचन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है छात्राओं के हिंदी भाषा उच्चारण संबंधी शुद्धता को परखना और उसमें निखार लाना रहा। अपनी भाषा पर मजबूत पकड़ हासिल करने के लिए उस भाषा में बोलना और लिखना महत्वपूर्ण गुण के अंतर्गत आता है। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में छात्राओं ने कहानी वाचन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शुद्ध उच्चारण का परिचय दिया।

### जय किशन दया भाई पांचाल को किया याद

**गोहाना।** मुख्य बाजार गोहाना स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में गुरुवार को जय किशन दया भाई पांचाल की 54वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी थे। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष नरेश पांचाल ने कहा जय किशन दया भाई पांचाल भारत के हिंदी जगत की सबसे महान संगीतकार जोड़ी शंकर जयकिशन का हिस्सा थे। उन्होंने विश्वकर्मा पांचाल समाज में पैदा होकर इस समाज का गौरव बढ़ाया।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस उत्सव पर कार्यक्रम

# हिंदी भाषा का आदर करने व जीवन में प्राथमिकता देने का दिया संदेश

छात्रों ने सुंदर स्लोगन एवं पोस्टर बनाकर हिंदी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र कार्यक्रम के दौरान। फोटो : हरिभूमि

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण, कविताएँ, नाटक और वाद-विवाद प्रस्तुत किए। छात्रों ने सुंदर स्लोगन एवं पोस्टर बनाकर हिंदी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। विद्यालय के निदेशक अजय यादव और प्राचार्य अरुण गौतम ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का आदर करने और इसे अपने जीवन में प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें गर्व होना चाहिए कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना जागृत करने के लिए शिक्षकों ने संबोधित किया।

### हिंदी श्रुतलेखन- कविता पाठन में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में साप्ताहिक गतिविधियों में हिंदी की विभिन्न विधाएं गुरुवार को सम्पन्न हो गई। विद्यालय में साप्ताहिक गतिविधियां 6 से 12 सितम्बर तक आयोजित हुई। मार्गदर्शन प्राचार्य अश्विनी कुमार का रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बाल कविताएं, श्रुतलेखन, सुलेख, चित्र वर्णन और कविता प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने कहानी सुनाने के साथ चित्र दर्शन और वाद-विवाद में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। ये प्रतियोगिताएं कक्षा अनुसार आयोजित की गई।



खरखौदा। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### जेबीएच स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमन दहिया ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 सितंबर के दिन देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है आजादी मिलने के 2 साल बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में एकमत से हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा । इस मौके पर प्रीती दहिया कविता गर्ग, पूजा दहिया, मनजीत दहिया, मंजू दहिया, कविता पांचाल, अचित्रा पंवार, ज्योति शर्मा, लक्ष्य दहिया, आकाश सर आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

### कविता पाठ प्रतियोगिता में दीपेश प्रथम

**खरखौदा।** हिंदी पखवाड़ा के तहत शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खंड स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। नौवीं से बाहरवीं कक्षा तक की कविता पाठ प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल फरमाणा के छात्र दीपेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल पहुँचने पर दीपेश का फूलमालाओं से स्वागत किया। दीपेश ने यह उपलब्धि हिंदी प्रवक्ता राजबीर दहिया के मार्गदर्शन से प्राप्त की। प्राचार्य सुनीता ने दीपेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। साथ ही छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर नरेन्द्र दहिया, मनीष, महावीर दत्त, सुनील गहलावत, संजय मलिक, देवप्रकाश, पूनम सरोहा, अनीता, पूनम राणा, सीमा, यंजना, पूनम हुड्डा, मीनाक्षी, रेणु मलिक, सुरेश आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



खरखौदा। विजेता दीपेश छात्र का स्वागत करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### हिंदी दिवस पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**गन्नौर।** बसंत विहार स्थित गायत्री विद्यापीठ में शुक्रवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा पहली से आठवीं तक के 142 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में व्याकरण और लेखन की सटीकता पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शकुंतला कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी दादी मां और हिंदी हमारी मां के समान है। हिंदी को केवल राष्ट्र तक सीमित न रखकर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास होना चाहिए।



गनौर। प्रतियोगिता में लिखे गए लेख दिखाते स्कूल के छात्र।

# फसलों का ऑनलाइन पंजीकरण करवाना आवश्यक : एसडीएम

- कृषि विभाग की रिपोर्ट अनुसार 65 .96 प्रतिशत किसानों ने करवाया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों का ऑनलाइन पंजीकरण करवाना आवश्यक है। सरकार द्वारा फसल पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। फसल को मंडी में बेचने व कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी किसान निर्धारित तिथि से पहले अपनी सभी फसलों का पंजीकरण अवश्य करवा लें।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार तहसील गोहाना क्षेत्र में कुल रकबा 1 लाख 34 हजार 1 सौ 74 एकड़ है। किसानों द्वारा इस रकबे में से 87 हजार 220 एकड़ का पंजीकरण करवाया गया है जो कुल रकबे का 65.01 प्रतिशत है। इसी प्रकार से उप तहसील खानपुर कलां में का रकबा 33 हजार 7 सौ 75 एकड़ है। किसानों द्वारा इस रकबे में से 23 हजार 5 सौ 52 एकड़ का पंजीकरण करवाया गया है जो कुल रकबे का 69.73 प्रतिशत है। इस दृष्टि से दोनों क्षेत्रों में किसानों द्वारा कुल 65.96 प्रतिशत रकबे का पंजीकरण करवाया गया है। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि अनाजमंडी में फसल को बेचने व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए फसल पंजीकरण करवाना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीकरण करवाने की तिथि को 15 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है।



एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय

**12 सौ रुपये प्रति एकड़ का लाभ**

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय के अनुसार राज्य सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के तहत धान की फसल के लिए 12 सौ रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए फसल का पंजीकरण करवाना जरूरी है।



सोनीपत। एस-7 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### प्रतियोगिताओं में विवेकानंद सदन प्रथम, आर्यभट द्वितीय

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रबंधक महोदय सुखप्रिय शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना से की गई, जिसके बाद मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता और हिंदी दिवस से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिता में विवेकानन्द सदन ने प्रथम स्थान, आर्यभट सदन ने द्वितीय स्थान तथा चाणक्य सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, इसका सम्मान करना और इसे आगे बढ़ाना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है। इस अवसर पर निदेशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर और मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने क्रमशः हिंदी दिवस, देशप्रेम, देशभक्ति, परिश्रम, कर्त्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जीवन की आकांक्षाओं पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि भाषा के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में उतारें, ताकि आने वाला समय उज्ज्वल हो सके।

# हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा, इससे ही हमारी पहचान: पंकज जाले

- ग्लोबल पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना




गोहाना। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने कविता की इन पंक्तियों स्याही से लिख दो, हिंदी हो तुम, हिंदी से सीखो करना प्यार के माध्यम से हिंदी के प्रति समर्पण भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले ने किया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की और संयोजन उप प्राचार्य जतिन आनंद ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता वाचन, सुलेख लेखन, विज्ञापन लेखन, ई-मेल लेखन, नारा लेखन, सूचना व चित्र आधारित मौखिक व लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज व देश के उत्थान में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। एमडी पंकज जाले ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। इसी से हमारी पहचान है। हिंदी हमारे देश का मान और सम्मान है। उन्होंने कहा कि अपने समाज व देश के उत्थान के लिए हिंदी बनें और हिंदी से प्यार करें।

## राष्ट्रीय स्तर पर आरपीएस की टीम को मिला बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड

# आरपीएस स्कूल ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी। रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी।



महेंद्रगढ़। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सोनीपत। सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक अमित धनखड़ की अध्यक्षता में ट्रैफिक पुलिस और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने और सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ट्रक यूनियन, ऑटो यूनियन व इको यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। यूनियनों की ओर से कई सुझाव रखे गए, जिन्हें लागू करने पर सहमति जताई गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के दिशा-निर्देश:

1. सभी ऑटो व वाणिज्यिक वाहनों पर पुलिस सहायता नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर, चालक का नाम व फोन नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।

# खरखौदाः डार्विन प्रथम, कलाम द्वितीय और न्यूटन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

फरमाना के पास मौजमनगर स्थित पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में विद्यार्थियों की भाषाई क्षमता और ज्ञान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटर हाउस हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्राचार्या मोनिका फोगाट के संरक्षण में, को-ऑर्डिनेटर अनिल देसवाल और प्राइमरी हेड शालिनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 3 वर्ग में आइंस्टाइन हाउस ने प्रथम, कलाम हाउस ने द्वितीय और डार्विन हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 से 5 में डार्विन हाउस ने प्रथम, कलाम हाउस ने द्वितीय और न्यूटन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 6 से 9 के वर्ग में डार्विन हाउस ने प्रथम, कलाम हाउस ने द्वितीय और न्यूटन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी व्याकरण, साहित्य, मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या।

### साउथ पॉइंट के कुणाल का राष्ट्रीय बैडमिंटन में चयन

सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल के विद्यार्थी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की आठवीं कक्षा के छात्र कुणाल ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की टीम को दूसरा स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बेहतर खेल प्रदर्शन के दम पर अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कुणाल की इस सफलता पर साउथ पॉइंट ग्रुप के सभी पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी और भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों की कामना की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि स्कूल फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआई) की तरफ से राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन फरीदाबाद में 8 से 10 सितंबर तक किया गया था।

### मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत



खराखौदा। मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते एसडीएम डॉ. निर्मल नागर।

**खरखौदा ।** शुक्रवार को 10 वीं व 12वीं कक्षा में ब्लाक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को एसडीएम डा. निर्मल नागर द्वारा चेक देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी, महिला एवं बाल कल्याण विकास अधिकारी नीलम, समाज सेवी आजाद भौरिया आदि उपस्थित रहे। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी किशोरी बालिका पुरुस्कार योजना के तहत 12 वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा चेतना रोहणा को 12 हजार, नेहा मंडोरी को 10 हजार व रामभतेरी सिलाना व मनू खरखौदा को 8-8 हजार रुपए जबकि कक्षा 10 वीं की छात्रा सोनाक्षी मटिंडू को 8 हजार, रीतू फरमाणा को 6 हजार व दीक्षा खरखौदा को 4 हजार रुपए चेक के माध्यम से देकर छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## प्राकृतिक आपदा में मानवता के नाते करनी चाहिए पीड़ितों की मदद : गहलावत

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

*राई से विधायक ने राहत सामग्री से भरे ट्रक को दिखाई झंडी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रक को रवाना करते हुए।

राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रक को बीसवां मिल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय सभी वर्गों को मानवता के नाते मिल-जुलकर एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पंजाब, हिमाचल तथा जम्मू कश्मीर में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए लगातार उनकी मदद कर रही हैं। नायब सरकार ने तीनों राज्यों को आर्थिक सहायता प्रदान की हैं। इसके अलावा हर रोज हरियाणा के सभी जिलों से राहत सामग्री भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री से भरे इस ट्रक में 3540 मेडिकल कीट तथा 1570 त्रिपाल सहित अन्य दैनिक वस्तुएं हैं, जो पंजाब के बठिंडा जिला में भेजी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा और किसी भी जरूरतमंद को सहायता से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, नगर निगम पार्षद पुनीत राई, सतनारायण आंतिल, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, जिला पार्षद विक्रांत, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद नंदकिशोर चौहान, वेदपाल शास्त्री, डॉ. राजपाल, शेखर आंतिल, कुलदीप नांगल, जेपी रेवली, जशपाल आंतिल, अनिल आंतिल, हवासिंह जोगी, सरपंच जाखौली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। प्रतियोगिता के दौरान खेलता मिकुल। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा स्कूल खेलों में मिकुल ने जीता सोना

**सोनीपत।** फतेहाबाद के पीएम श्री स्कूल में 10 सितंबर को 58वीं हरियाणा स्टेट स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई। जिसमें हैप्पी चाइल्ड स्कूल से भी सातवीं कक्षा के छात्र मिकुल ने स्वर्ण पदक जीता। स्कूल पहुंचने पर स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता मिकुल का स्वागत किया गया। प्रधान नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निदेशका तमन्ना निझावन ने मुकुल की खेल प्रतिभा की प्रशंसा की।



गोहाना। बुजुर्गों को जबड़े प्रदान करते हुए चिकित्सकगण। फोटो : हरिभूमि

### प्रोजेक्ट मुस्कान: बुजुर्गों को फ्री में जबड़े भेंट किए

**गोहाना।** नागरिक अस्पताल में लायंस क्लब गोहाना सिटी द्वारा अभ्युदय जन कल्याण न्यास के सहयोग से प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत सात बुजुर्गों को फ्री जबड़े प्रदान किए। मुख्य अतिथि शमशेर सांगवान व रविंद्र सांगवान रहे। एसएमओ डॉ. संजय छिक्कारा, डॉ. दिनेश छिल्लर व डॉ. चक्रवर्ती शर्मा का रहा। दंत चिकित्सक डॉ. राकेश रोहिला ने बताया कि इसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के 374 बुजुर्गों को निःशुल्क जबड़े उपलब्ध कराए जा चुके हैं।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

### प्रताप स्कूल के पहलवानों ने कुश्ती में जीते तीन पदक

**खरखौदा।** पानीपत में हुई स्टेट स्कूल रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 में प्रताप स्कूल के पहलवानों ने तीन पदक अपने नाम किए। अभि ने 60 किग्रा, ग्रीको रोमन, अंडर-17 में रजत पदक, ईशांत ने 60 किग्रा, फ्री स्टाइल, अंडर -17 में कांस्य पदक तथा अंकित 67 किग्रा, अंडर -19 में रजत पदक जीता। स्कूल पहुंचने पर पदक विजेता खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा रेसलिंग कोच प्रदीप, संदीप, संतोष, अंकित, मोहन, सन्नी और अनिकेत ने भव्य स्वागत किया।

जिले में प्रतिदिन 30 से 40 मरीजों की हो रही जांच

# डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा, जिले में अब तक 40 डेंगू व 12 मलेरिया के मरीज मिले

**अब तक 40 मरीजों में डेंगू की पुष्टि, मलेरिया के 12 मरीज सामने आए है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारी वर्षा के बाद अब जिले में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिला नागरिक अस्पताल में खांसी-जुकाम और बुखार से ग्रसित रोजाना 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे है। चिकित्सकों के अनुसार, जिन मरीजों में डेंगू या मलेरिया के लक्षण पाए जा रहे हैं, उन्हें जांच की सलाह दी जा रही है। वर्तमान में प्रतिदिन 25 से 30 डेंगू जांच की जा रही हैं, जिनमें अब तक 40 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है, जबकि मलेरिया के 12 मरीज सामने आए है। बता दें कि सितंबर माह को मच्छरों के प्रजनन और बीमारियों के प्रसार के लिए सबसे संवेदनशील समय माना जाता है। इस बार हुई अधिक वर्षा और यमुना किनारे बसे गांवों में बाढ़ के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। ऐसे इलाकों में बीमारी फैलने की संभावना ज्यादा रहती है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए टीमों को तैनात किया है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों बुजुर्ग और बच्चे मच्छर जनित बीमारियों से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।





सोनीपत। अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी लाइन तथा मॉडल टाउन स्थित स्कूल में बच्चों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### सप्ताह में एक बार अवश्य करें घर की सफाई

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि सप्ताह में एक दिन घर और आसपास विशेष सफाई अभियान चलाएं। कूलर, पानी की टंकी, गमले, होदी और पानी जमा होने वाले अन्य स्थानों की सफाई करें। साफ-सफाई रखने से मच्छरों का प्रजनन रोका जा सकता है और लोग बीमारियों से बच सकते हैं।

#### विशेषज्ञ चिकित्सक की लें सलाह

अब तक जिले में 40 डेंगू और 12 मलेरिया मरीज सामने आ चुके है। विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। यदि किसी में डेंगू या मलेरिया के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत अस्पताल में जाकर चिकित्सक की सलाह लें और समय पर दवा का सेवन करें। -डा. आशा सहरावत, जिला डेंगू व मलेरिया अधिकारी।

#### बच्चों को किया डेंगू के प्रति जागरूक

**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डेंगू के विरुद्ध जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रथम एनएसएस एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार दहिया एवं जिला एनएसएस संयोजक पवन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है। जिससे हम जागरूकता के माध्यम से ही जीत सकते हैं। इस दौरान कृष्ण रोहिल्ला, रेखा, धर्मेंद्र, रजनीश, अशोक व विनोद सहित सारा स्टाफ मौजूद रहा।

मार्केट न्यूज

### सोनीपत में पहली बार-बिना ओपन सर्जरी के, दिल का वॉल्व बदला गया फिम्स में



**सोनीपत।** फिम्स में हाल ही में बिना चीर फाड दिल की वॉल्व अत्याधुनिक सर्जरी से बदलने से एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि जो नई व आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं दिल्ली और गुडगॉव के किसी स्तरीय अस्पताल में मौजूद हैं, वे सभी फिम्स अस्पताल में प्रचुरता से विद्यमान हैं। नतीजतन, अब रोगियों को अपने स्तरीय व विश्वसनीय ईलाज के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नही चूंकि अब ये सभी सुविधाएं फिम्स अस्पताल में भलिभाँति मौजूद हैं। इसका श्रेय फिम्स अस्पताल के जन हितेषी प्रबंधन, डाक्टरों को कुशल टीम की उपलब्धता, अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणाली व संयत्रों का उपयोग तथा सबसे अधिक-लोगो के फिम्स में ईलाज पर अटूट विश्वास को जाता है। फिम्स के प्रबंध निदेशक रजत जैन ने कहा कि हृदय रोग से प्रभावित एक 65 वर्षीय महिला को उसके परिजन अत्याधिक गंभीर अवस्था में लेकर अस्पताल में पहुँचें। महिला अपने जीवन के लिए जंग लड रही थी। उसके बेटे ने बताया कि सुबह - सुबह उनकी माता को सांस लेने में दिक्कत हुई और अचानक बेहोश हो गइं। उसके बाद महिला ने कोई प्रतिक्रया नही दी।

## खेत में ट्रांसफार्मर खराब नहीं हो रही कहीं सुनवाई

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी के किसान के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर के एक फेस में करंट न आने से उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान सुनील कुमार का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने लाइनमैन संदीप से शिकायत की, लेकिन उन्होंने इसे गन्नौर क्षेत्र का मामला बता दिया। जब शिकायतकर्ता गन्नौर पहुंचा तो वहां मौजूद अधिकारियों ने मामले को टेहा क्षेत्र का बताते हुए जिम्मेदारी टाल दी। सुनील कुमार ने बताया कि टेहा में भी संदीप नाम का एक लाइनमैन बैठा था, जिसने साफ शब्दों में कहा कि वह काम नहीं करेगा। जिम्मेदारी इधर-उधर टालने और समस्या का समाधान न होने से पीड़ति किसान ने इसकी शिकायत एसडीओ बिजली निगम को दे कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## विकास कार्यों की करें निगरानी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी अपना फोकस रखें अधिकारी।

लघु सचिवालय में उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं जिले के सभी सरकारी स्कूलों के प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट का विश्लेषण करेंगे, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग 17 सितंबर से "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" अभियान के तहत जिला में विशेष स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित करेगा। इन कैंपों में महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में नगर निगम मेयर राजीव जैन, एडीसी लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम अंजली क्षोत्रिय, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम प्रवेश कादियान, सीटीएम डॉ. अनमोल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार, डीप्टी सीएमओ डॉ. गिनी लाम्बा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित उपायुक्त, मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

## जल्द मांगें नहीं मानी तो एसई दफ्तरों पर प्रदर्शन

- गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत की बैठक जिला मुख्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज एवं संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया।

बैठक में विशेष रूप से प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार ने भाग लिया। बैठक में जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने बताया कि आज सभी ब्रांचों की कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालय पर बुलाई गई थी।

जिसमें सभी ब्रांच कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी अपनी ब्रांचों की समस्याएं रखी और जिला कमेटी द्वारा आगामी 5 अक्टूबर को संगठन का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के सैकड़ों कर्मचारी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा व प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि 28 अगस्त को केन्द्रीय कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया था कि आगामी महीने में कर्मचारियों की पेंडिंग मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों अध्यक्ष कार्यालयों के समक्ष मांगों को लेकर सांकेतिक धरना और प्रदर्शन कर कर्मचारी अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित पीडब्ल्यूडी वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

मीटिंग में कार्यकारिणी सदस्य लहणा सिंह, रवि गुलिया, दिलबाग सिंह, योगेश शर्मा, संदीप कुमार, ब्रिज मोहन, राजकुमार, सुंदर सिंह, प्रदीप कुमार, मोहन सिंह, नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, धूप सिंह लाकड़ा, दलीप सिंह, अमित कुमार, शंभू, रणबीर, राजबीर, देवेन्द्र, शंभू आदि पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

## अधर में भोगीपुर-राजलू गढ़ी सड़क निर्माण, ग्रामीणों हो रहे परेशान

अधूरी सड़क के कारण न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढा है, बल्कि धूल और गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

- पत्थर डाले पर बजरी व तारकोल डालना भूल गया विभाग

गांव भोगीपुर से राजलू गढ़ी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी ने सड़क पर पत्थर डालने के बाद तारकोल और बजरी का कार्य नहीं किया, जिससे सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र, सतबीर और विकास ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हुए चार महीना हो चुका है, लेकिन ठेकेदार ने केवल गांव के पास टाइलें बिछाई हैं। दोनों गांवों के बीच की सड़क पर केवल पत्थर डालकर कार्य छोड़ दिया गया है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के पहिए फिसल जाते हैं और कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि धूल और गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया, तो वे विधायक से शिकायत करने को मजबूर होंगे।



गन्नौर। निर्माणाधीन भोगीपूर-राजलू गढ़ी सड़क मार्ग पर डाले गए पत्थर।

#### बरसात से रुका काम

इस बारे में जेई नवनीत कुमार ने बताया कि बरसात की वजह से काम रोकना पड़ा। जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य पुनः शुरू करवाया जाएगा। सड़क की चौड़ाई को भी एक समान किया जाएगा। जिसके बाद लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगा।



गोहाना। थाना शहर गोहाना से फ्लैग मार्च शुरू करते हुए आरएएफ और पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

### आरएएस व पुलिस ने शहर और गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

**गोहाना।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर गुरुवार को रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टीम ने पुलिस के साथ गोहाना शहर व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना शहर गोहाना के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार, थाना सदर गोहाना के प्रभारी लाल सिंह व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक कविता, आरएएफ कमांडेंट किशोर कुमार, डिप्टी कमांडेंट संजय यादव निरीक्षक देवेंद्र व जगदीश ने किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा जगाने के साथ असामाजिक तत्वों को संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार से कानून-व्यवस्था को बिगाडने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त मोहाना देवेन्द्र कुमार ने कहा कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस-आरएएफ की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना है।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण साथ में अन्य।

## टॉप पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज जोलन में पांच टीमों का चयन

- जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता, 9 कॉलेजों की 15 टीमें हुई शामिल

**सोनीपत।** एचएससीएसआईटी हरियाणा की ओर से शुक्रवार को सोनीपत में आयोजित जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में 9 कालेज और 15 टीमों ने भाग लिया। लिखित स्क्रीनिंग टेस्ट में 8 टीमों का चयन किया गया। अंतिम चरण में पांच टीमों का चयन किया गया जो कि जोनल लेवल में हिस्सा लेंगी। संस्था के प्रधान डॉ ओपी परुथी और प्राचार्या डॉ मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता के तहत पहले आठ टीमों का चयन किया गया, जिनमें जीवीएम गर्ल्स कालेज सोनीपत, हिंदू कॉलेज सोनीपत, जीसीडब्ल्यू कालेज गोहाना, जीवीएम गर्ल्स कालेज सोनीपत, हिंदू गर्ल्स कालेज सोनीपत, जीसीडब्लयू कालेज सोनीपत, हिंदू कालेज सोनीपत व हिंदू गर्ल्स कालेज सोनीपत की टीमें शामिल रहीं। इनमें सेचयन समिति की ओर से पांच टॉप टीमों का जोनल लेवल साइंस क्विज के लिए चयन किया गया, जिसमें जीवीएम गर्ल्स कालेज सोनीपत प्रथम, जीसीडब्ल्यू कालेज गोहाना द्वितीय, जीसीडब्ल्यू कालेज गोहाना तृतीय, हिंदू कालेज सोनीपत चतुर्थ तथा हिंदू गर्ल्स कालेज सोनीपत पांचवें स्थान पर रही। इस दौरान प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगियों में आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर डा. अनीता सैनी, डा. मीनाक्षी, डा. रश्मि जावा, सुनीता धवन, रोहिनी मदान, पुनीता बत्रा, संगीता सिंह, राकेश जुनेजा व डा. समिति उपस्थित रही।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### एसडीएम के आश्वासन पर पांचवें दिन जैन ने अनशन किया समाप्त

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित शिव मंदिर पार्क में सोनीपत के एक निजी अस्पताल के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे गन्नौर शहर के राजीव जैन ने पांचवें दिन शुक्रवार को अनशन समाप्त कर दिया। राजीव जैन का आरोप है कि वर्ष 2017 में उनके बड़े भाई संजय जैन की इलाज के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर जांच तो शुरू हुई, लेकिन कार्रवाई किए बिना ही उसे बंद कर दिया गया। वह मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे थे। शुक्रवार को एसडीएम प्रवेश कादियान व नायब तहसीलदार गजे सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान राजीव जैन ने ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उन्होंने मामले की फिर से निष्पक्ष जांच करवा कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। वहीं मौके पर उपस्थित पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन ने भी एसडीएम से मामले में ठोस कार्रवाई करवाने की अपील की, ताकि फिर किसी ओर के साथ इस तरह की घटना न हो। एसडीएम ने आश्वासन दिया वह उनकी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। जिसके बाद राजीव जैन को एसडीएम की मौजूदगी में उनके परिवार के सदस्यों ने केला व जूस का सेवन करवा कर अनशन समाप्त करवाया।



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान की उपस्थिति में राजीव जैन को केला खिला कर उनका अनशन समाप्त करवात उनके परिवार के सदस्य।

राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शिलान्यास

## 1.5 करोड़ की लागत से बनेंगे जाखौली से खेवड़ा व जाखौली झुंडपुर रोड, ग्रामीणों और वाहन चालकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई सौगात देते हुए हलके के गांव की दो सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक कृष्णा गहलावत ने किया। शिलान्यास के बाद संबोधित करते विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि जाखौली से खेवड़ा रोड के चौड़ीकरण और नवीनीकरण पर करीब 64.61 लाख रुपये खर्च होंगे। दूसरी सड़क जाखौली झुंडपुर रोड से जाखौली पब्सारा रोड पर 41.25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनो सड़कों पर कुल 1 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए उनका आभार जताया। मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि इन सड़कों के बनने से उनके दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव आएगा और लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होगी। इस मौके पर जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, जसपाल आंतिल, पुनीत राई, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, मास्टर सतनारायण, जेपी, ब्लाक समिति चेयरमैन संजय झुंडपुर, सीमा सबोली, नपा कुंडली चेयरपर्सन शिमला देवी, अंजली बजाज, वेदपाल शास्त्री, विकास कौशिक, गीतेश, नवीन, जिला पार्षद विक्रांत, सेवली सरपंच प्रशांत, नंद किशोर चौहान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत 1 करोड़ 5 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास करते हुए साथ में भाजपा नेतागण व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### क्षेत्र में सड़क नेटवर्क मजबूत बनाना प्राथमिकता

विधायक गहलावत ने कहा कि राई हलके में सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता है, सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सभी क्षेत्रों में बेहतर सड़कें गति का काम करती हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र की जनता की पुरानी मांग को पूरा करेगा। इन सड़कों से न केवल वाहनों की आवाजाही आसान होगी बल्कि किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में भी सहूलियत होगी।